जैन कन्या पाठशाला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मुजफ्फरनगर
Jain Kanya Pathshala PG College, Muzaffarnagar
(चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से सम्बन्ध)

आज दिनांक 6 दिसंबर 2024 को जैन कन्या पाठशाला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वाधान में पिंक रोजगार मेले का आयोजन किया गया। यह मेला महाविद्यालय की प्लेसमेंट एंड इनोवेशन सेल एवं एल्युमनी एसोसिएशन की ओर से लगाया गया। मेले का शुभारंभ महाविद्यालय के अध्यक्ष श्री राजेश जैन जी, प्राचार्य प्रोफेसर सीमा जैन जी एवं जिला सेवायोजन अधिकारी डॉ सोनाली सिंह जी के द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया गया। सर्वप्रथम डॉ सोनाली सिंह के द्वारा मेले में आने वाली सभी कंपनियों का परिचय दिया गया, उन्होंने बताया की पिक रोजगार मेले का आयोजन विशेष रूप से छात्रों के लिए ही किया गया है,छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु सेवायोजन कार्यालय इस प्रकार के मेले का आयोजन करता रहता है। क्या हार में,क्या जीत में, किंचित नहीं भयभीत में,संघर्ष पथ पर जो भी मिले यह भी सही वह भी सही, इन्हीं शब्दों के साथ सोनाली जी ने छात्रों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।अध्यक्ष श्री राजेश जैन जी ने छात्राओं को स्वावलंबन की ओर प्रेरित करते हुए कहा कि उन्हें लघु उद्योग एवं स्टार्टअप की ओर रुख करना चाहिए,उन्होंने कहा कि छात्रों को नौकरी करने के बजाय नौकरी देने वाली बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि लघु उद्योग भारती संस्था नये स्टार्टअप शुरू करने के लिए सहायता प्रदान करती है। प्राचार्य प्रो.सीमा जैन जी ने कहा कि छात्राओं को अपनी स्किल को पहचान कर उसी को व्यवसाय के रूप में अपनाना चाहिए। रोजगार मेले में मुजफ्फरनगर सहारनपुर गाजियाबाद नोएडा की लगभग 12 कंपनियों ने प्रतिभाग किया, छात्राओं ने सभी कंपनी के इंटरव्यू में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। रोजगार मेला का संचालन व आयोजन संयोजिका डॉक्टर मनीषा अग्रवाल व सह संयोजिका डॉक्टर सविता वशिष्ठ ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ पूनम शर्मा डॉक्टर रेशू चौहान, डॉ. गीता शर्मा, डॉ. दुष्यंत गर्ग, कु. अंजली का सहयोग रहा। जिलासेवायोजन कार्यालय की ओर से श्री शिव शंकर, श्री राधे श्याम, श्री पदम त्यागी, श्री आशुतोष कुमार, श्री अब्दुल मलिक, अमित, प्रमोद एवं मिंटू का सहयोग रहा। रोजगार मेले में 353 छात्राओं मैं प्रतिभाग किया व 171 छात्राओं का चयन हुआ।